भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2505
उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2022

मुफ्त 4जी मोबाइल सेवाएं

2505. श्री आर.के. सिंह पटेल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए कुछ राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में मुफ्त 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और ऐसी सेवाएं कब तक शुरू होने की संभावना है; और

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के चित्रकूट और बांदा आकांक्षी जिलों में मुफ्त 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) सरकार द्वारा मुफ्त 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध करवाए जाने संबंधी किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

(ख) और (ग) कोई प्रश्न नहीं उठता है।

*****